# कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001

Mail ID :***ukmssbdun@gmail.com***; Website : ***www.ukmssb.org***,


विज्ञप्ति संख्याः 32/2026 दिनांकः 17 जुलाई, 2026

## चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) परीक्षा–2026

### कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार सम्बन्धी सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0/परी0/06/2024–25/294, दिनांकः 09 अप्रैल 2026 के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था।

उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अर्ह अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार दिनांक 03 अगस्त 2026 (सोमवार) से कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड में आयोजित किये जायेंगे। अभ्यर्थी को साक्षात्कार/ अभिलेख सत्यापन के सम्बन्ध में तिथि एवं समय, साक्षात्कार स्थल एवं महत्त्वूपर्ण सूचनाएं प्रवेश पत्र के माध्यम से प्रसारित की जायेगी। अर्ह अभ्यर्थी अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र **दिनांक 25 जुलाई 2026** से चयन बोर्ड कार्यालय की आधिकारिक वैबसाइट **www.ukmssb.org** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

नोट– अंतिम रुप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची एवं साक्षात्कार के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट के माध्यम से दिनांक 21 जुलाई, 2026 को प्रकाशित किये जायेंगे। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे समय–समय पर बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट का अवलोकन करते रहें।

ह0/–
(प्रदीप जोशी)
सचिव